# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (10.02.2025)**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE:10.02.2025, PAGE-06

# विवि परिसर में सेल्फी प्वाइंट की तैयारी

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू समेत सभी विवि में सेल्फी प्वाइंट बनाने की तैयारी की जा रही है। राजभवन के आदेश के बाद यह तैयारी हो रही है। राजभवन ने सभी विश्वविद्यालायों को अपने परिसर में सेल्फी प्वाइंट बनाने को कहा है ताकि छात्र विवि आएं और अपनी एक तस्वीर यादगार के तौर पर खिंचा सकें। विवि में प्रशासनिक भवन में सेल्फी प्वाइंट बनाने की तैयारी चल रही है। विवि के प्रशासनिक भवन में आने वाले छात्र यहां आकर अपनी तस्वीर खिंचा सकेंगे।

**HINDUSTAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:10.02.2025**
**PAGE-06**


# बीआरएबीयू मेंस क्रिकेट टीम भुवनेश्वर रवाना

मुजफ्फरपुर। केआईआईटी (कलिंग प्रौद्योगिकी संस्थान) यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर में सोमवार से होने वाले ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी मेंस क्रिकेट चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए 16 सदस्यीय बीआरएबीयू की टीम रविवार को रवाना हो गई। वीसी प्रो. दिनेश चन्द्र राय ने टीम को रवाना किया।

बीआरएबीयू स्पोर्ट्स कौंसिल के सचिव डॉ. कांतेश कुमार ने बताया कि टीम में आदिल आलम, आदित्य कुमार, ज्ञान प्रकाश, एम राज, चन्द्र प्रकाश, विशाल राज, इमरान हाशमी, रौशन कुमार, आनंद राय, कुषार आलम, सचिन कुमार, अंकित कुमार सिंह व अनुराग कुमार। टीम मैनेजर के रूप में मनोरंजन सिंह गए हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 10.02.2025, PAGE-06

# पीजी में आज से 20 तक होगा नामांकन

## बीआरएबीयू ने जारी की पहली मेधा सूची, नाम होने पर नहीं लिया नामांकन तो समाप्त हो जाएगा दावा

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी कोर्सों में नामांकन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू होगी। विश्वविद्यालय की ओर से नामांकन के लिए जारी पहली मेधा सूची के आधार पर विश्वविद्यालय पीजी विभागों से लेकर कालेजों में नामांकन की प्रक्रिया पूरी होगी। पहली मेधा सूची में 10794 विद्यार्थियों को जगह मिली है। इस आधार पर एमए में 7196, एमएससी में 2324 और एमकाम में 1274 सीटों पर नामांकन होगा। 20 फरवरी तक विद्यार्थी नामांकन लेंगे। मेरिट लिस्ट में नाम वाले विद्यार्थी अगर निर्धारित अवधि तक नामांकन नहीं लेते हैं तो उनका दावा समाप्त हो जाएगा। उसके बाद उनके नामांकन पर विचार नहीं होगा। दूसरी ओर सभी पीजी विभागाध्यक्षों से लेकर कालेज के प्राचार्यों को निर्देश जारी किया गया है कि दस्तावेजों की जांच के बाद ही नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाए। इसमें पूरी सावधानी बरतनी होगी। अगर किसी अभ्यर्थी के दस्तावेज में गड़बड़ी पाई जाती है तो तत्काल प्रभाव से नामांकन रद कर दिया जाए। आनलाइन आवेदन के समय जिन दस्तावेजों का प्रयोग किया गया है उसकी ओरिजनल कापी नामांकन के समय प्रस्तुत करना होगा। मिलान करने के बाद ही नामांकन की प्रक्रिया पूरी होगी।

**10794** सीटों पर नामांकन के लिए जारी हुई है पहली मेधा सूची

**10** फरवरी से शुरू होगा नामांकन, जांच के बाद ही नामांकन की प्रक्रिया पूरी होगी



### नामांकन के लिए ये जरूरी दस्तावेज देने होंगे

आवेदन फार्म की कापी, स्नातक पार्ट थर्ड का कंप्यूटराइज्ड अंकपत्र, स्नातक का रजिस्ट्रेशन, 10 वीं का प्रमाण पत्र, सीएलसी, स्नातक पार्ट थर्ड का एडमिट कार्ड, आधार कार्ड की कापी, अन्य प्रमाण पत्र और फोटो।

### पहली मेधा सूची में विषयवार विद्यार्थियों की संख्या, सबसे अधिक एकाउंट में

| विषय | संख्या | विषय | संख्या |
|---|---|---|---|
| एकाउंट | 1274 | रसायनशास्त्र | 356 |
| इतिहास | 1188 | बाटनी | 304 |
| हिंदी | 889 | समाजशास्त्र | 168 |
| मनोविज्ञान | 847 | उर्दू | 148 |
| राजनीति विज्ञान | 838 | संगीत | 142 |
| भूगोल | 811 | दर्शनशास्त्र | 89 |
| अर्थशास्त्र | 727 | संस्कृत | 59 |
| गणित | 658 | मैथिली | 48 |
| अंग्रेजी | 632 | एआइएच एंड सी | 31 |
| जूलाजी | 499 | इलेक्ट्रानिक्स | 30 |
| भौतिकी | 477 | भोजपुरी | 19 |
| होम साइंस | 408 | बांग्ला | 12 |
| | | परसियन | 6 |

## आवासीय क्वार्टर में वैध- अवैध रहने वालों का मांगा गया रिकार्ड

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने अपने अचल संपत्तियों का ब्योरा तैयार करना शुरू कर दिया है। इंजीनियरिंग सेक्शन से आवासीय क्वार्टर में वैध और अवैध रूप से रहने वालों का पूरा रिकार्ड मांगा गया है। इसमें कुल आवासीय क्वार्टर की संख्या, इसकी अलग-अलग कैटेगरी जैसे प्रोफेसर क्वार्टर, लेक्चरर क्वार्टर समेत अन्य का रिकार्ड और संख्या की जानकारी देनी है। वैध रूप से आवास में रहने वालों का नाम और पदनाम के साथ-साथ अवैध रूप से रहने वालों का नाम और पदनाम का रिकार्ड मांगा गया है। कब्जा किए गए क्वार्टर की संख्या के साथ-साथ खाली क्वार्टर और इसमें उपलब्ध फर्नीचर की जानकारी देनी है।

सभी में इलेक्ट्रिकल फिटिंग्स की जानकारी के साथ-साथ विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र में आने वाले तालाबों की संख्या की जानकारी देनी है। इस्टेट आफिसर डा. दिलीप कुमार ने इंजीनियरिंग विभाग से सभी रिकार्ड की जानकारी मांगी है। इसमें कहा गया है कि विश्वविद्यालय की सभी संपत्तियों का रिकार्ड रखना जरूरी है। इसी कड़ी में उपलब्ध सभी अचल संपत्तियों का ब्योरा उपलब्ध कराया जाए।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 10.02.2025, PAGE-06**

# मछली पालन के दौरान कवक से बचाने की दी गई सलाह



अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के समापन पर उपस्थित शिक्षक व अन्य ● जागरण

- विश्वविद्यालय पीजी जूलाजी विभाग में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का हुआ समापन
- तकनीकी सत्र में विद्वानों ने रखे विचार, इसकी अध्यक्षता डा. दिलीप कुमार ने की

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के जूलाजी विभाग में चल रहे अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का समापन रविवार को हो गया। तकनीकी सत्र में विद्वानों ने विचार रखे। इसकी अध्यक्षता डा. दिलीप कुमार ने की। राजीव कुमार झा ने समेकित मछली पालन के नए तरीकों का प्रयोग कर जैव सुरक्षा का सुझाव दिया। अन्य वक्ताओं ने मछली पालन के दौरान इसे कवक से बचाने की सलाह दी। कनाडा से सेमिनार में पहुंचे डा. अपूर्व कृष्णदेव ने कहा कि नई और उत्कृष्ट तकनीक का इस्तेमाल कर जलकृषि से किसान अधिक से अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। सीआइएफई मुंबई से पहुंचे प्रो. राम प्रकाश रमण ने मछलियों के उपचार में औषधीय पौधों के प्रयोग का सुझाव दिया। अमरेंद्र पांडेय ने मछलियों के लिए भोज्य पदार्थ का निर्माण नई प्रणाली से करके फंगस से बचाने की बात कही। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में शोधार्थियों ने पेपर प्रस्तुत किया। प्रो. विद्यानंद ने समापन भाषण और प्रो. फैयाज अहमद ने धन्यवाद ज्ञापन किया। तकनीकी सहयोगी के रूप में तरुण, पुष्कर, प्रणय, रमण आदि थे। मौके पर प्रो. सुषमा कुमारी, राकेश मोहन, डा. वीके सिंह, डा. ममता, डा. अनिता कुमारी, डा. विजय कुमार, डा. विपुल वैभव, डा. निक्की कुमारी, वेद प्रकाश दूबे आदि थे।

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:10.02.2025, PAGE-04**


## विवि. जूलॉजी विभाग में तीन दिवसीय सेमिनार का हुआ समापन

# समेकित मछली पालन के नये तरीकों से जलकृषि अधिक उपयोगी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी जूलॉजी विभाग में तीन दिनों से चल रहे अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का रविवार को समापन हो गया. आखिरी दिन पहले सत्र में अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं ने व्याख्यान दिया. कनाडा से जुड़े डॉ अपूर्व कृष्णदेव ने नये और उत्कृष्ट तकनीक का प्रयोग कर जलकृषि से अधिक उत्पादन की जानकारी दी.

मुंबई से प्रो रामप्रकाश रमण ने मछलियों के उपचार में औषधीय पौधों के प्रयोग के बारे में जानकारी दी. नीम, हल्दी, सोयाबीन से मछलियों के उपचार के बारे में बताया. सिंगापुर से जुड़े अमरेंद्र पांडेय ने मछलियों के लिए भोज्य पदार्थ के निर्माण की नयी प्रणाली और उसका संरक्षण के बारे में जानकारी दी. बताया कि नयी प्रणाली से उसका संरक्षण किया जाए तो फूड को लंबे समय तक फंगस से बचाया जा सकता है. बताया कि फूड को सुरक्षित रखने के लिए कंटेनर विकसित किया गया है. यह सभी स्तर के किसानों को आसानी से उपलब्ध हो सकता है.

इंडोनेशिया से राजीव झा ने तकनीकी का उपयोग कर अधिक से अधिक मतस्य उत्पादन के बारे में बताया. समेकित मछली पालन के नये तरीकों का प्रयोग कर जैव सुरक्षा करते हुए जलकृषि को अधिक उपयोगी बना सकते हैं. इस तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ दिलीप ने की. वहीं सह अध्यक्ष गुजरात के प्रो उजैनिया थे. दूसरे सत्र में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किया. वहीं अन्य विश्वविद्यालयों से पहुंचे संकाय सदस्यों ने पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी. धन्यवाद ज्ञापन प्रो शिवानंद सिंह ने किया. कार्यक्रम में शोधार्थी तरुण, पुष्कर, प्रणय, रमन ने भूमिका निभायी. वहीं सभागार में प्रो सुषमा, प्रो राकेश मोहन, डॉ वीके सिंह, डॉ ममता, डॉ अमिता, प्रो विजय, डॉ विपुल वैभव, डॉ निक्की, वेद प्रकाश दूबे, अमरेश, गजाला, नीतीश, गौरव, अमरजीत, राहुल, प्रीति, अमिता समेत अन्य मौजूद थे.



जूलॉजी विभाग मे आयोजित सेमिनार के समापन सत्र मे मौजूद अतिथि.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:...........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 10.02.2025, PAGE-04

# कॉलेजों और पीजी विभागों में आज से होगा नामांकन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के पीजी विभागों व कॉलेजों में सोमवार से पीजी सत्र 2024-26 में दाखिला शुरू होगा. विवि की ओर से पहली मेधा सूची पोर्टल पर अपलोड करने के साथ ही कॉलेजों व पीजी विभागों को भेज दी गयी है. पहली सूची में 10,794 अभ्यर्थियों का नाम शामिल किया गया है. इसमें एमए में 7196, एमएससी में 2324 व एमकॉम में 1274 विद्यार्थियों का नाम सूची में शामिल है.

### बिहार विवि 11 हजार से अधिक सीटों पर दाखिले के लिए चल रही है प्रक्रिया

20 फरवरी तक पहली सूची में चयनित विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं. विवि की ओर से कहा गया है कि आवंटित संस्थान में ही छात्रों को मौका दिया जायेगा. बता दें कि पीजी में 11 हजार से अधिक सीटें निर्धारित हैं. नामांकन को लेकर विवि की ओर से दिशा-निर्देश दिया गया है. कहा गया है कि छात्र-छात्राओं के आवेदन से



प्रमाणपत्रों का मिलान कर लें. यदि आवेदन में दी गयी जानकारी का प्रमाणपत्र नहीं दे पाते हैं तो उनका चयन रद्द कर दिया जायेगा.

**नामांकन के लिए लाने होंगे ये प्रमाणपत्र** :मेधा सूची में चयनित छात्र-छात्राओं को नामांकन के लिए आवेदन के दौरान अपलोड किये गये सभी विवरण संबंधी प्रमाणपत्र जमा कराने होंगे. ऑनलाइन आवेदन की कॉपी, स्नातक तृतीय वर्ष का अंकपत्र की इंटरनेट से डाउनलोडेड कॉपी, स्नातक का पंजीयन प्रमाण पत्र, 10वीं का अंकपत्र, सीएलसी (कॉलेज लिविंग सर्टिफिकेट), स्नातक तृतीय वर्ष का एडमिट कार्ड, आधार कार्ड की कॉपी, जाति प्रमाण पत्र (आवश्यक हो तो), दो फोटो जमा कराने होंगे. वहीं एनसीसी, खिलाड़ी, एनएसएस समेत अन्य कोटि का दावा करने के लिए संबंधित प्रमाणपत्र जमा कराने होंगे.

### विवि क्वार्टर में रहने वालों का तैयार हो रहा रिकॉर्ड

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के आवासीय क्वार्टर में रहने वालों का रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है. कई क्वार्टर दूसरे के नाम पर आवंटित है और उसमें दूसरा व्यक्ति रह रहा है. इसकी शिकायत विश्वविद्यालय को मिली है.

इसके साथ ही कई क्वार्टर में पुलिस कर्मियों ने अवैध कब्जा कर रखा है. रीडर्स और लेक्चरर क्वार्टर में दैनिक वेतन भोगी कर्मी रह रहे हैं. ऐसे में विश्वविद्यालय की ओर से प्रत्येक क्वार्टर में रहने वालों का ब्योरा मांगा गया है. इंजीनियरिंग सेक्शन से कुल आवासीय क्वार्टर की संख्या, अलग-अलग कैटेगरी, प्रोफेसर क्वार्टर, लेक्चरर क्वार्टर समेत अन्य का रिकॉर्ड और संख्या मांगी गयी है. साथ ही उसका आवंटन किसके नाम से है. इसकी भी जानकारी मांगी गयी है. विवि अपने अचल संपत्तियों का ब्योरा तैयार कर रही है. इसी क्रम में क्वार्टर के आवंटन की फाइल भी खुली है.